Sheath blight was first reported in Japan in 1910and it is considered as destructive disease worldwide that causes significant yield loss and quality degradation in rice and other crops including barley, lettuce, tomato, sorghum, and maize. Initial infections starts with the germination of sclerotia or a piece of infected debris floating on the water surface and coming in contact with the sheath of rice which causes 10-30% yield loss (Xei *et al*., 2008) that may reach up to 50% during prevalent years (Meng *et al*., 2010).

Symptom: Usually circular, oval or ellipsoid, water-soaked spots develop on the leaf sheaths at or just above the water line which are greenish-gray in color. It enlarges and coalesce forming larger lesions with grayish white centers encircled by tan to dark brown irregular margins. Irregular lesions with dark green, brown, or yellow-orange margins are also observed on leaf blades. Extensive development of these lesions produces a rattlesnake skin pattern. Moreover flag leaves and panicles are also affected under severe conditions and can spread into the culms thereby weakening the infected culms resulting in the lodging and collapse of tillers. However, sheath blight damages the lower sheaths with little impact on grain filling leading to lodging and premature death of plants with a significant reduction in grain yield and its quality.

Fig 4: Sheath blight of rice

Management

Application of FYM 12.5 t/ha or green manure 6.25 t/ha and soil application of *P. fluorescens* @ 2.5 kg/ha mixed with 50 kg FYM after 30 days of transplanting may help in management by promoting antagonistic microflora.Foliar spraying of *P. fluorescens* @0.2% can also be done at boot leaf stage and 10 days later.It is chemically controlled by Carbendazim (1 g/lit) and Propiconazole (1ml/lit). Moreoverspraying of infected plants with fungicides such as Benomyl and Iprodione and antibiotics such as Validamycin and Polyoxinhas been observed effective against the disease.Nitrogen dosage are also reduced and top dressing are skipped to avoid the disease occurrence.

False Smut: (Causal organism: *Ustilaginoidea virens*)

It is also known as 'Lakshmi disease' since it was recognized as a symbol of bumper harvest. The disease was first reported from Tinnevelli in Tamil Nadu, India by Cooke in 1878 (Ou, 1972).However, in the recent years, the disease has emerged as one of the most devastating grain disease.The yield losses varied between 0.2 - 49% in different states of the country.

Symptoms: Symptoms of false smut are visible only after flowering when the fungus transforms into globose structures or mass of yellow fruiting bodies of individual grains of panicle. Floral parts are enclosed with the growth of velvety spores.Immature spores are slightly flattened, smooth, yellow, and covered by a membrane which breaks as the spores enlarges. But mature spores orange and turn yellowish green or greenish black in colour.

Fig 5: False smut of rice

Management

Use of certified seeds along with the destruction of straw and stubble reduces the disease incidences. It can controlled chemically by spraying hexaconazole @ 1ml/lit or chlorothalonil 2g/lit at tillering and pre-flowering stages and 0.1% propiconazole at 50% panicle emergence.Biological control may also be practiced by using *Trichoderma viride, Trichoderma virens, Trichoderma harzianum and Trichoderma reesei* against the pathogen.

Some other prevalent diseases of rice are Rice Tungro Disease (RTD) which appeared in north India during 1967, and progressed to peninsular India in 1977, Bakanae disease of rice caused by *Fusarium fujikuroi* is cosmopolitan in distribution and is found in all rice growing areas. Recently foot and sheath rot of rice caused by *Pectobacterium carotovorum subsp. carotovorum* and *Pseudomonas syringaepv. syringae* respectively were also observed in rice crops.

Summary

Major constraints in rice production are the occurrence of destructive and devastating diseases which are responsible for losses in quantity as well as quality of harvested products. In this article all the prevailing and widespread major diseases of rice have been discussed and the potential yield losses caused by various diseases of rice have been reported. This information might be useful for prioritizing the research activities to develop the management strategies to reduce the impact of attacking pathogen on the crops and it will also provide essential information about the diseases of rice to future researchers to further develops better and ecofriendly technique to manage the predominant diseases of rice plant.

References

Srivastava, D.N., Rao, Y.P., Durgapal, 1.C., Jindal, J.K. and Singh, W. 1967.Screening of rice varieties for resistance to bacterial blight. India. Phytopathol. 17: 25-28.

Singh, R.A., Das, B., Ahmed, K.M. and Pal, V. 1980.Control of bacterial leaf blight of rice.Trop. Pest Mange. 26: 21-25.

Srivastav, D. N., and Kapoor, M. P. 1982. Yield loss due to bacterial leaf blight. Int. Rice Res. News l. 7:7.

Mukoo, H., Kusaba, T., Watanabe, M. and Tabei, H. 1957. Several factors related to the occurrence of bacterial leaf blight disease of rice. Proc. KantoTosan, Pl. Proct. Soc. 4: 7-8.

Chakrabarti, N. K. (2001). Epidemiology and disease management of brown spot of rice in India. In: Major Fungal Disease of Rice: Recent Advances. Kluwer Academic Publishers. pp. 293–306.

Biswas, C., Srivastava, S. S. L., & Biswas, S. K. (2010).Effect of biotic, abiotic and botanical inducers on crop growth and severity of brown spot in rice. Indian Phytopathology, 63, 187–191.

Ghose, R.L.M., Ghatge, M.B. and Subramanian, V. (1960).Rice in India (revised edn.), New Delhi, ICAR, 474 pp.

Xie XW, Xu MR, Zang JP, Sun Y, Zhu LH, et al. (2008) Genetic background and environmental effects on QTLs for sheath blight resistance revealed by reciprocal introgression lines in rice. Acta Agronomica Sinica 34:1885-1893.

Meng QZ, Liu ZH, Wang HY, Zhang SS, Wei SH (2001) Research progress in rice sheath blight. (in Chinese with English abstract) J. Shenyang Agric Univ 32:376–381.

Ou, S.H. 1972. Rice diseases Commonwealth Mycological Institute Kew.

नर्मदा नदी : मध्य भारत की जीवन रेखा

सौरभ दुबे एवं ननिता बेरी

उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान

जबलपुर (म.प्र.)

परिचय

नर्मदा नदी मध्य भारत मे बहने वाली एक सबसे प्रमुख नदी है। इसे रेवा, मैकलसुता, शिवकन्या, सोमोद्भवा आदि नामो से भी जाना जाता है। यह मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले मे विन्ध्य तथा सतपुडा पर्वतो के मिलन स्थल, मैकल पर्वत के अमरकंटक नामक स्थान मे एक छोटे कुंड से निकलती है। इसी स्थान से कुछ दूरी पर, सोनमुडा से सोनभद्र नदी तथा जोहिला नदी का उद्गम होता है।

नर्मदा नदी

देश की ज्यादातर नदियाँ जहाँ बंगाल की खाडी की ओर बहती है, वही नर्मदा ऐसी सबसे बडी नदी है, जो कि पश्चिम की ओर बहती है। यह अपनी कुल लम्बाई 1312 कि.मी. मेगुजरात राज्य से होते हुये खंभात की खाड़ी (अरब सागर) मे गिरती है। इसके विस्तृत बेसिन क्षेत्र का सर्वाधिक भाग मध्य प्रदेश मे आता है, और शेष भाग क्रमशः गुजरात, महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ मे आता है। यह नदी हिमालयी नदियो के समान ग्लेशियरो पर आश्रित नही है, वरन् यह अधिकांश रुप अपने बहाव के लिये वनो से निकलने वाली अनेक छोटी – बडी सहायक नदियो तथा जल धाराओं के ऊपर तक निर्भर करती है। इसकी प्रमुख सहायक नदियो को बाँये तथा दाँये तट की सहायक नदियो मे विभाजित किया गया है, जिनमे बंजर, गौर, शेढ़, शक्कर, दुधी,गंजल, तवा, तेन्दुनी, बारना, हिरन, ओरसांग, उरी तथा कोलार प्रमुख है।

नर्मदा व दुधी नदी संगम

नर्मदा विन्ध्य तथा सतपुडा पर्वतमाला के बीच रिफ्ट वेली मे बहती हुई उत्तर तथा दक्षिण भारत को विभाजित करने वाली एक भौगोलिक संरचना के तौर पर काम करती है, प्रतीकात्मक

रूप से इसे भारत माता की कमर पर करधनी की संज्ञा भी दी गई है।

नर्मदा नदी घाटी का प्राकृतिक परिदृश्य

देश की बडी नदियों मे सबसे कम प्रदूषित नदियों मे आने वाली नर्मदा नदी ने अपने बहाव क्षेत्र तथा नदी घाटी क्षेत्र को प्राकृतिक तथा भौगोलिक रुप से बहुत ही बहुत समृद्ध बनाया है। अपने उद्गम स्थल के निकट कपिल धारा, दूध धारा आदि जल प्रपात बनाती हुई यह डिन्डोरी एवं मण्डला जिलो मे बहती है, इसके बाद यह अपने किनारे पर बसे सबसे बडे शहर ज़बलपुर मे प्रवेश करती है तथा भेडाघाट मे धुआधार नामक विश्व प्रसिद्ध जल प्रपात बनाती है। यहाँ नर्मदा एक सकरी संगमरमरी खाडी मे बहती है। यह पूरी खाडी संगमरमरी वादियो के लिये भी जानी जाती है । इस स्थान का सौंदर्य देशी - विदेशी पर्यटको अपनी ओर को बहुत आकर्षित करता है। घाटियो से निकलकर यह जलोढ़ मैदान मे प्रवेश करती है तथा मध्य भारत को उपजाऊ भूमि का आशिर्वाद प्रदान करती हुई अनेक प्रकार की मृदा संरचनाओ से अपनी नदी घाटी को समृद्ध बनाती है। इसकी उपजाऊ घाटी मे गेहूँ, चना, धान, मटर, दलहन, तिलहन सभी तरह की फसलो की पैदावार ली जाती है। हल्की तथा गहरी काली मृदा जो कि नरसिंहपुर आदि जगहो मे पायी जाती है, अपने गन्ना और अरहर उत्पादन के लिये प्रसिद्ध है। साथ ही साथ मण्डला, डिन्डोरी आदि जगहो की लाल – काली मिश्रित मृदा मे मोटे अनाज तथा कोदो, कुटकी और रामतिल आदि भी पैदावार ली जाती है। मध्य भारत के वनो की समृद्धि तथा वान्स्पतिक एवं जैव विविधता नर्मदा तथा इसकी सहायक नदियो के ऊपर निर्भर है। साल(*Shorea robusta*) तथा सागौन(*Tectona grandis*) दो ऐसी महत्तवपूर्ण वृक्ष प्रजातियाँ है, जो नर्मदा बेसिन के ज्यादातर भागो के वनो मे मिलती है। इसका उद्गम स्थल घने साल वनो से आच्छादित है, साथ ही साथ मध्य भारत के अनूपपुर, डिन्डोरी तथा बालाघाट आदि जिले भी साल के वृक्षो से युक्त है, वही जबलपुर, मण्डला होशंगाबाद, रायसेन तथा हरदा आदि जिलो के वन सागौन से भरे हुये है ।

साल वन

नदी घाटी के मिश्रित वनो मे अनेक महत्तवपूर्ण वृक्ष प्रजातियाँ तथा औषधीय जडी बूटियाँ पायी जाती है, जिनमें वृक्ष प्रजातियो मे साजा (*Terminalia tomentosa*), लेंडिया (*Lagerstroemia parviflora*), आँवला (*Emblica officinalis*), हल्दू (*Haldina cordifolia*) तथा महुआ (*Madhuca indica*)

आदि प्रमुख है तथा केओकन्द, वराहीकंद, सर्पगन्धा, आदि अनेक महत्तवपूर्ण औषधीयाँ भी इन वनो मे मिलती है।

नर्मदा बेसिन के वनो से प्राप्त विभिन्न औषधियाँ

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान तथा सतपुडा राष्ट्रीय उद्यान जैसे अनेक वन्य जीव शरण स्थलो मे अनेक दुर्लभ वन्य प्राणियो को संरक्षण दिये हुये है, जिनमें संकट्ग्रस्त प्रजाती के रुप मे बाघ, बारहसिंगा, ऐशियाई ज़ंगली कुत्ते आदि तथा अन्य प्रजातियो मे भालू, तेन्दुआ, विभिन्न हिरण प्रजातियाँ आदि शामिल है।

नर्मदा का सांस्कृतिक व धार्मिक महत्तव

नर्मदा न केवल एक नदी का नाम है, वरन् यह अपने आप मे एक पूरी संस्कृति को समाहित किये हुये है। गंगा के ही समान लोगो के मन मे इसके प्रति अपार धार्मिक आस्था व श्रृद्धा है। माँ का रुप मे मानी जाने वाली यह नदी अपने नाम को चरितार्थ करते हुये यह मानव मन को आनंद प्रदान करने वाली है। धार्मिक ग्रंथो के अनुसार इसके दर्शन मात्र कर लेने से प्राणियो के पापो का नाश हो जाता है। इसकी पवित्रता की बात करें तो यह मान्यता है कि साल मे एक बार माँ गंगा भी इसमे स्नान करने आती है। महाभारत, पुराणो आदि ग्रंथो मे नर्मदा के विभिन्न नामो तथा दिव्यता का वर्णन किया गया है। अनेक स्थानो पर इसे रेवा कहकर संबोधित किया जाता है, जिसका मतलब रव (शोर) करने वाली। शिवकन्या के रुप मे जानी जाने वाली नर्मदा का हर कंकड भगवान शिव का रुप माना जाता है, जिसे नर्मदेश्वर शिवलिंग कहते है।

नर्मदा उद्गम, अमरकंटक तीर्थ

अनेको तपस्वियो की तपो भूमि रहे इसके तट पर अनेको तीर्थ स्थान विद्यमान है, जिनमे प्रमुख रुप से अमरकंटक, ओंमकारेश्वर, महेश्वर, भरुच आदि प्रमुख है। नर्मदा ही एक ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा श्रृद्धालुओ द्वारा की जाती है। अनेक पौराणिक ग्रंथो मे भी नर्मदा का उल्लेख किया गया है तथा इसके ऊपर पुराण की रचना भी की गई है जिसे नर्मदा पुराण कहाँ जाता है। इसके तटो पर विभिन्न देवी- देवताओ का वास माना जाता है तथा इसे नागो द्वारा सेवित किया जाता है। आदि गुरु शंकराचार्य को भी अपने गुरु का

सानिध्य नर्मदा तट पर ही प्राप्त हुआ था और उनके द्वारा नर्मदा के स्तुति गान मे नर्मदा अष्ट्क की रचना भी की गई।

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (NVDA)

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण भारत की एक प्रमुख नदी घाटी परियोजना में से एक हैं। यह मध्य प्रदेश राज्य सरकार का बहु विषयक संगठन है, जिसके द्वारा नर्मदा बेसिन में प्रमुख जल संसाधन विकास परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। नर्मदा नदी मैदानी नदियो के विपरीत अपने असामान्य पथ व तेज बहाव के कारण बिजली उत्पादन के लिये भी आपार संभावना रखती है इसके अतिरिक्त नदी की भरपूर जलराशि का उपयोग विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से किया जा रहा है, जिनमे से प्रमुख परियोजनाओं जैसे बरगी बाँध, इंदिरा सागर बाँध, सरदार सरोवर बाँध (गुजरात), बारना तथा तवा बाँध नर्मदा तथा सहायक नदियो पर बनाये गये है जिसके द्वारा सिंचाई तथा बिजली उत्पादन किया जाता है, जिससे न केवल मध्य भारत अपितु गुजरात, महाराष्ट्र व राजस्थान राज्य भी लाभान्वित हो रहे है। माँ के रुप मे पहचानी जाने वाली नर्मदा नदी जहाँ एक ओर आस्तिक जनसमूह के लिये श्रृद्धा का केन्द्र है, वही यह अपने जल से इस देश की धरा को सींचकर हरा – भरा व समृद्ध बनाती है। मध्य भारत के लिये यह एक वरदान के रुप मे दिखाई देती है, और यदि हम इसे मध्य भारत की जीवन रेखा कहे तो यह भी कोई अतिसंयोक्ति नही होगी।

Refrences

http://www.mpsdc.gov.in/nvda/default.htm
https://en.wikipedia.org › wiki › Narmada_River
Flora_and_fauna_of_Madhya_Pradesh

बीजा साल - एक बहुउपयोगी एवं बहुयामी वन्य प्रजाति

योगेश पारधी, नसीर मोहम्मद, मनोज पूसाम एवं राहुल राठोड

जेनेटिक्स एंड ट्री इम्प्रूवमेंट डिवीज़न
उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान
(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार)
जबलपुर

बीजा साल का वैज्ञानिक नाम *Pterocarpus marsupium* Roxb. है और यह Fabaceae फॅमिली की एक प्रजाति है । यह एक बड़ा पर्णपाती वृक्ष है , जो 30 मीटर तक ऊंचा होता है । इसकी छाल भूरी खुर्ददूरी एवं कुछ-कुछ मगरमच्छ की छाल से मिलती-जुलती दिखाई देती है। इसकी पत्तियां एक आंतरिक छोटी पार्श्व अंडाकार होती है और पुष्प सुगंधित पीले रंग के होते हैं। पुष्प उभय लिंगी होते हैं, जिसमें पांच पेटयोल, दस पुंकेसर तथा एक अंडाशय होता है। इसकी फलियां पतली, भूरे रंग की होती है और इसके बीच का आकार किडनी की तरह होता है।

बीजासाल का पेड़

बीजा साल के फ्रूट्स / फल्लिया

यह मूल रूप से भारत, श्रीलंका और नेपाल पायी जाती है। भारत वर्ष में यह प्रजाति मुख्य रूप से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार, उड़ीसा राज्य में पायी जाती है। यह उष्णकटिबंधीय एवं शुष्क पर्णपाती वनों में पायी जाती है । मध्य प्रदेश में इस प्रजाति का डिस्ट्रीब्यूशन खंडवा, होशंगाबाद, कटनी, बालाघाट, धार, सिवनी एवं बैतूल के जंगलो में पाया जाता है। भारत वर्ष में यह भौगोलिक दशा के आधार पर अलग अलग क्षेत्रों में अलग अलग नाम से जाना जाता है , जैसे विजयासार, मालाबार, वेंगा (मलयालम) वेंगी (तमिल), बीजा साल (हिंदी), इत्यादि। यह एक महत्वपूर्ण एवं मूल्यवान इमारती कास्ट की प्रजाति है । इसकी गुणवत्ता की वजह से इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारी मांग है । यह वन्य

प्रजाति वर्तमान समय में भारतीय वनों से तेजी से खत्म होती जा रही है। इसके वर्तमान में हो रहे दोहन एवं नेचुरल रीजनरेशन की स्थिति से लगता है कि आने वाले कुछ दशकों में यह प्रजाति भारत के वनों से पूर्ण रूप से विलुप्त हो जाएगी। अंत: बीजासाल वृक्ष पर अनुसंधान एवं शोध कार्य की नितांत आवश्यकता है ताकि इसका संरक्षण एवं संवर्धन किया जा सके।

इसकी लकड़ी मजबूत, कठोर, भारी और टिकाऊ होती है। अधिकतर इसका उपयोग भवन निर्माण एवं इमारती लकड़ी के तौर पर किया जाता है। इसकी कास्ट से गुणवत्तापूर्ण फर्नीचर बनाए जाते हैं। इस से बनाए जाने वाले पसंदीदा फर्नीचर- दरवाजा, खिड़की, बीम प्रेम, बोट इत्यादि है। । मध्य प्रदेश वन विभाग ने इसे व्यापारिक वन प्रजाति की सूची में रखा है। इस प्रजाति का इमारती उपयोगिता के साथ साथ आयुर्वेदीक औषधीय निर्माण में भी उपयोग होता है। प्राचीन समय से बीजासाल के विभिन्न भागों का उपयोग बिमारियों के उपचार में किया जा रहा है। आयुर्वेद में भी बीजासाल के उपयोग का वर्णन है। इसकी पत्ती, जड़, कास्ट का कहीं न कहीं, किसी न किसी बीमारी में उपयोग होता रहा है। इसके लकड़ी का उपयोग मधुमेह के उपचार में भी किया जाता है। इसकी कास्ट से निर्मित गिलास से मधुमेह के रोगी को पानी पिलाया जाता है जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो जाता है और मधुमेह का स्तर उनके शरीर में स्थिर बना रहता है। बीजासाल की लकड़ी में मार्सुपिन और टेरोस्टेबलीन नामक दो ग्लाइकोसाइड होते है। मार्सुपिन ग्लाइकोसाइड का मधुमेह के उपचार में उपयोग होता है। बीजासाल के छाल से रक्तवर्ण गोंद निकलता है। इस गोंद का उपयोग टैनिन, प्रिंटिंग, डाई में किया जाता है।

बीजासाल के अंधाधुन विदोहन की वजह से यह मध्य प्रदेश के वनों में समाप्ति की कगार पर पहुंच गया है। जिस अनुपात से वनों से इसका दोहन किया गया उसके अनुपात में इसके संरक्षण व संवर्धन की दिशा में प्रयास नहीं हुए, इसी का परिणाम यह है कि यह IUNC संस्था ने इसे Red List की 'Near Threatened' श्रेणी में शामिल किया है।

संपूर्ण भारत में बीजासाल का सबसे अच्छा वन मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में है। समय रहते इसके

बीजासाल का गोंद (Kino gum)

संरक्षण की संरक्षण के प्रयत्न नहीं किए गए तो वह दिन दूर नहीं जब बीजासाल के वृक्ष की प्रजाति संपूर्ण भारतवर्ष में विलुप्त हो जाएगी। बीजा साल के नेचुरल रिजनरेशन की स्थिति भी संतोष जनक नहीं है । नेचुरल रिजनरेशन में कमी के कई कारन है जिसमे पर्यावरणीय परिस्थितियों साथ साथ भौतिक, वायवीय दशा का भी अनुकूल ना होना, मृदा की प्रकृति में बदलाव, मवेशियों का वनों पर बढ़ता दबाव प्रमुख है। इसके बीज हल्के होते हैं जो हवा में उड़ कर काफी दूर तक चले जाते हैं।

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के कई सस्थानो में बीजा साल के ऊपर शोध

परियोजनाएं चल रही है। इनके प्रमुख उद्देश्य प्लस ट्री सिलेक्शन, असेसमेंट ऑफ़ नेचुरल रिजनरेशन, डाइवर्सिटी असेसमेंट, पौधों को तैयार करने की नर्सरी तकनीक, टिश्यू कल्चर इत्यादि है। मध्य प्रदेश वन विभाग द्वारा भी बीजा साल के सरक्षण एवं सुधार हेतु विविध परियोजनाएं चलायी जा रही है। उम्मीद है की भविष्य में जल्द है सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। बीजा साल के सरक्षण एवं सवर्धन में रिसर्च सस्थानों, वन विभागों के प्रयासों के साथ ही जन भागीदारी की भी बहोत जरूरत है। फारेस्ट फ्रिंजेस में रह रहे लोगों को इस प्रजाति के बारे में सजग करना चाहिए। साथ ही इस प्रजाति के कटाई पर कुछ वर्षों के लिए प्रतिबद्ध लगा देना चाहिए। सभी स्टेकहोल्डर्स के सामायिक प्रयासों से इस प्रजाति को बचाया जा सकता है।

मध्य प्रदेश के जंगलों में बीजासाल के नेचुरल रिजनरेशन का आकलन करते हुए TFRI संस्थान, जबलपुर के कर्मचारी

रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव एवं जैविक उर्वरकों की आवश्यकता

राजेश कुमार मिश्रा

उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान
(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार)
जबलपुर

भारत एक कृषि प्रधान देश है जहाँ पर लोग खेती पर अधिक निर्भर है परन्तु आज किसान खेती करने से डरने लगा है, उत्पादन का उचित मूल्य न मिलना, प्राकृतिक आपदा, असामान्य मौसम जैसे अनेक कारणों से किसान परेशान है वही अत्यधिक मात्रा में कीटनाशक दवाओं,

रासायनिक खादों का उपयोग अनेक प्रकार की बीमारियों को जन्म दे रहे है, युवा पीढ़ी खेती करने से दूर भाग रही है, लक्ष्य विहीन होकर लोग नशे की ओर आकर्षित हो रहे है जो भविष्य के लिए घातक है । रासायनिक खादों के बुरे प्रभाव से बचने के लिए शाश्वत यौगिक जैविक खेती की जाना चाहिए । इसमें किसान अपनी शुद्ध फसल तैयार कर सकता है जिसमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व होते हैं। रासायनिक खाद के उपयोग से खेत की मिट्टी में अम्ल की मात्रा बढ़ने के साथ अब जिंक और बोरान जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी होती जा रही है । इसका दुष्प्रभाव मिट्टी पर तो पड़ रहा है, इसका दुष्प्रभाव मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है । कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार मिट्टी में इन पोषक तत्वों की लगातार कमी से फसल उत्पादन को प्रभावित होगा वहीं जिंक की लगातार कमी से बाल झड़ने के साथ ही शरीर का विकास भी थम सकता है, और यह कुपोषण का कारण भी बनता है।

वर्तमान में देश में इस बात के लिए गंभीरता पूर्वक चिंतन होने लगा है कि रासायनिक खादों के चलते कृषि भूमि में जो हानिकारक बदलाव आए हैं, उसे कैसे दूर किया जाए । इस बारे में केन्द्र सरकार और राज्यों की सरकारें भी अपने स्तर पर किसानों को इस बात के लिए जागृत कर रहे हैं कि किसान जैविक पद्धति के आधार पर कृषि कार्य करें। इससे जहां भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी, वहीं मानव के लिए उत्पन्न होने वाले अनाज और सब्जियों की गुणवत्ता में भी व्यापक सुधार होगा । इतना ही नहीं जैविक खेती की अच्छाइयों से प्रभावित होकर देश के कई किसान इस ओर प्रवृत्त हुए हैं और अपेक्षा के अनुसार परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। यह बात सही है कि कोई भी अच्छा काम करने के लिए समय भी लगता है, लेकिन अच्छे और सुव्यवस्थित रूप से काम किया जाए तो परिणाम अच्छे ही मिलेंगे ।

रासायनिक खादों के प्रयोग से हमें भले ही जल्दी फसल प्राप्त हो जाए, परंतु उस फसल को अधिक समय तक नहीं रखा जा सकता।

जैविक खेती एक ऐसी पद्धति है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और खरपतवारनाशकों के स्थान पर जीवांश खाद पोषक तत्वों गोबर की खाद कम्पोस्ट, हरी खाद, जीवणु कल्चर, जैविक खाद आदि जैव नाशियों (बायो-पैस्टीसाईड) व बायो एजेंट जैसे क्राईसोपा आदि का उपयोग किया जाता है। इससे न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक बनी रहती है, बल्कि पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होता और कृषि लागत घटने व उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ने से कृषक को अधिक लाभ भी मिलता है। जैविक खेती वह सदाबहार कृषि पद्धति है, जो पर्यावरण की शुद्धता, जल व वायु की शुद्धता, भूमि का प्राकृतिक स्वरूप बनाने वाली, जल धारण क्षमता बढ़ाने वाली, धैर्यशील कृत संकल्पित होते हुए रसायनों का उपयोग आवश्यकता अनुसार कम से कम करते हुए कृषक को कम लागत से दीर्घकालीन स्थिर व अच्छी गुणवत्ता वाली पारंपरिक पद्धति है।

संपूर्ण विश्व में बढ़ती हुई जनसंख्या एक गंभीर समस्या है, बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ भोजन की आपूर्ति के लिए मानव द्वारा खाद्य उत्पादन की होड़ में अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए तरह-तरह की रासायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों का उपयोग, प्रकृति के जैविक और अजैविक पदार्थों के बीच आदान-प्रदान के चक्र को प्रभावित करता है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति खराब हो जाती है, साथ ही वातावरण प्रदूषित होता है तथा मनुष्य के स्वास्थ्य में गिरावट आती है। रासायनिक खादों के प्रयोग के चलते भारत की

कृषि पर खतरनाक संकट आया है। इससे जहां भारतीय कृषि भूमि प्रभावित हो रही है, वहीं आम जनजीवन के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव हो रहा है। रासायनिक खादों के प्रयोग से जो भी फसल हमें प्राप्त हो रही है, वह जैविक खेती की तुलना में कई गुणा हानिकारक सिद्ध हुई है। इसी के कारण आज देश में कई किसान जैविक खेती की ओर अग्रसर हुए हैं।

प्राय: देखा जा रहा है कि जिन किसानों ने जैविक खाद का प्रयोग करते हुए अपनी खेती प्रारंभ की है, उसके अपेक्षित परिणाम मिले हैं। खाद्यान्न, फल और सब्जियां प्राकृतिक स्वाद का अनुभव कराती हैं। हम आजकल कहते हैं कि अब सब्जियों में पहले जैसा स्वाद नहीं रहा, लेकिन जैविक आधार से की जा रही खेती में उत्पादित फलों में पहले जैसा ही स्वाद लगने लगा है। इससे हमें शुद्ध आहार की प्राप्ति हो रही है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति में आशातीत सुधार दिखाई देने लगा

है । इससे प्रेरित होकर आसपास के गांव के किसान भी अब जैविक खेती की ओर अपने कदम बढ़ाने लगे हैं । चारों तरफ जैविक खेती के प्रयोग किए जा रहे हैं और किसानों को सफलता भी मिल रही है । प्राचीन काल में मानव स्वास्थ्य के अनुकूल तथा प्राकृतिक वातावरण के अनुरूप खेती की जाती थी, जिससे जैविक और अजैविक पदार्थों के बीच आदान-प्रदान का चक्र निरन्तर चलता रहा था, जिसके फलस्वरूप जल, भूमि, वायु तथा वातावरण प्रदूषित नहीं होता था ।

भारत वर्ष में प्राचीन काल से कृषि के साथ-साथ गौ पालन किया जाता था, जिसके प्रमाण हमारे ग्रंथों में प्रभु कृष्ण और बलराम हैं, जिन्हें हम गोपाल एवं हलधर के नाम से संबोधित करते हैं अर्थात कृषि एवं गोपालन संयुक्त रूप से अत्यधिक लाभदायी था, जो कि प्राणी मात्र व वातावरण के लिए अत्यन्त उपयोगी था । परन्तु बदलते परिवेश में गोपालन धीरे-धीरे कम हो गया तथा कृषि में तरह-तरह की रासायनिक खादों व कीटनाशकों का प्रयोग हो रहा है, जिसके फलस्वरूप जैविक और अजैविक पदार्थों के चक्र का संतुलन बिगड़ता जा रहा है और वातावरण प्रदूषित होकर, मानव जाति के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है । अब हम रासायनिक खादों, जहरीले कीटनाशकों के उपयोग के स्थान पर जैविक खादों एवं दवाइयों का उपयोग कर अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं, जिससे भूमि, जल एवं वातावरण शुद्ध रहेगा और मनुष्य एवं प्रत्येक जीवधारी स्वस्थ रहेंगे ।

भारत वर्ष में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि है और कृषकों की मुख्य आय का साधन खेती है । हरित क्रांति के समय से बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए एवं आय की दृष्टि से उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है । अधिक उत्पादन के लिये खेती में अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशक का उपयोग करना पड़ता है जिससे सीमान्त व छोटे कृषक के पास कम जोत में अत्यधिक लागत लग रही है और जल, भूमि, वायु और वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है, साथ ही खाद्य पदार्थ भी जहरीले हो रहे हैं । इसलिए इस प्रकार की उपरोक्त सभी समस्याओं से निपटने के लिये गत वर्षों से निरन्तर टिकाऊ खेती के सिद्धान्त पर खेती करने की सिफारिश की गई, जिसे प्रदेश के कृषि विभाग ने इस विशेष प्रकार की खेती को अपनाने के लिए, बढ़ावा दिया जिसे हम 'जैविक खेती' के नाम से जानते है। भारत सरकार भी इस खेती को अपनाने के लिए प्रचार-प्रसार कर रही है।

वर्तमान में जिस प्रकार से खेती से किसानों का मोह भंग हो रहा है, उसका एक मात्र कारण रासायनिक खेती ही है । प्राचीन काल में जब हमारे पूर्वज केवल जैविक आधार पर खेती करते

थे, तब उत्पादन भी अच्छा होता था और लोगों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता था। यहां तक कि कई फसल और सब्जियां औषधि के नाम से जानी जाती थीं। वह समय फिर से वापस आ सकता है, इसके लिए किसान को पुरानी पद्धति से ही खेती करने के तरीके को अपनाना होगा।

देश की निरंतर बढ़ती हुई आबादी के लिए खाद्यान्न की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कृषि उत्पादन एवं पौध संरक्षण तकनीकी की अहम भूमिका हैं। अनुमानतः देश के कुल उत्पादन का 50% हिस्सा कीड़ों-मकोड़ो, पौध रोग उत्पादकों खरतवार, चूहों, चिड़ियों एवं निमेटोड के कारण कृषि उत्पादन की विभिन्न अवस्थाओं एवं भंडारण के दौरान नष्ट हो जाता है। अच्छे कृषि उत्पादन एवं कीड़े तथा बीमारियों से बचाव हेतु कृषि रसायनों का प्रयोग विगत वर्षों की तुलना में तेजी से बढ़ा है। अन्न, चारे एवं रेशे की लागत बढ़ती जरूरतों के कारण कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी हेतु कृषि रसायनों यथा कीटनाशी, पौध वृद्धि नियंत्रक, जन्तुनाशी, शाकनाशी, कवकाशी, संरक्षी रसायन, रासायनिक उर्वरक, सूक्षम तत्व उर्वरक आदि का प्रयोग अनिवार्य होता जा रहा है परन्तु उपरोक्त के असंतुलित एवं अव्यहारिक प्रयोग के गंभीर दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। कृषि उत्पादन बढ़ाने में कृषि रसायनों का बहुत बड़ा योगदान हैं परन्तु इन रसायनों के मनुष्य एवं अन्य जीवों पर अनचाहे दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। अनुमान के अनुसार सम्पूर्ण विश्व में कीटनाशियों की विषाक्तता से लगभग एक करोड़ व्यक्ति प्रति वर्ष दीर्घकालीन बीमारियों के शिकार हो जाते हैं अथवा मर जाते हैं। वास्तव में एक कीटनाशी केवल लक्षित कीट अथवा बीमारी के प्रति घटक होना चाहिए न की अलक्षित प्रजातियों एवं मानव के लिए, परन्तु दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं है। कृषि रसायनों के प्रयोग के बारे में उपयोगकर्ताओं के मन में भ्रान्ति हैं की "यदि थोड़े प्रयोग का परिणाम अच्छा हैं तो अधिक प्रयोग का परिणाम और अच्छा होगा" जिसके कारण मानव एवं अन्य जातियों के जीवन में गंभीर दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। कीटनाशियों के अतिरिक्त विषाक्त अवशेष मृदा जीवों में दीर्घकालिक विषाक्तता उत्पन्न कर देते हैं जिससे मृदा उर्वरकता एवं फसलों की सूखा सहिष्णुता घट जाती है।

Published by:

Tropical Forest Research Institute
(Indian Council of Forestry Research & Education)
(An autonomous council under Ministry of Environmnet, Forests and Climate Change)
P.O. RFRC, Mandla Road
Jabalpur – 482021, M.P. India
Phone: 91-761-2840484
Fax: 91-761-2840484
E-mail: vansangyan_tfri@icfre.org, vansangyan@gmail.com
Visit us at: http://tfri.icfre.org or http://tfri.icfre.org

©Published by Tropical Forest Research Institute, Jabalpur, MP, India